दरबार श्याम तेरा देख मैं तो तेरी हो गई लिरिक्स

दरबार श्याम तेरा देख,
मैं तो तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई,
पागल हो गई रे श्याम,
मैं तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई।bd।

जब आई खाटू धाम तो मैं,
सुध ही खो गई,
मेरी नज़रें मिली बाबा से,
दिल के पार हो गई,
मेरे बिगड़े दिन भी बदले,
मेरी पहचान हो गई,
पहचान हो गई रे,
बाबा तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई।bd।

मैं थी पत्थर कोई रोड़ा,
मुझे हीरा बना दिया,
उठा के ज़मी से तूने,
सीने से लगा लिया,
जब आँख खुले खाटू वाले,
मैं तुझमे खो गई,
तुझमे खो गई ने श्याम,
मैं तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई।bd।

कृपा कर कुछ ऐसी,
मेरी ज़िन्दगी बदल गई,
फिरती थी मारी मारी,
तेरी शरण जो मिल गई,
जब शरण मिली दासी ये,
सुनीता तेरी हो गई,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरी हो गई सुनीता,
तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई।bd।

दरबार श्याम तेरा देख,
मैं तो तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई,
पागल हो गई रे श्याम,
मैं तेरी हो गई,
ओये रूप सलोना देख,
श्याम मैं पागल हो गई।bd।

Singer – Sunita Yadav

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com